चेम्बर चुनाव को लेकर सरगर्मी पूरे चरम पर

पैनल के बजाय व्यक्तिगत सम्पर्क पर प्रत्याशी दे रहे जोर

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून.शहर के प्रतिष्ठत व्यापारी संस्था के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर इन दिनों शहर में गतिविधियां पूरे चरम पर है.चर्चा यह भी है कि अध्यक्ष के लिए चर्चा में आए चार नामों के अतिरिक्त भी कुछ सदस्य व्यक्तिगत तौर पर सदस्यों से सम्पर्क कर अपनी दावेदारी जता रहे हैं.ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि आधा दर्जन सदस्य किस्मत अजमाने के लिए चुनाव मैदान में उतर सकते हैं.

चेम्बर की अंतिम कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार संस्था का61वां अधिवेशन 26 जून को संस्था के परिसर के स्थान पर निजी रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है.इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी अपने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत करने के साथ अपनी पिछले दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देगी.अधिवेशन के बाद आगामी सत्र के लिए नई कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाएगी.परम्परानुसार इस बार भी जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता के पी शर्मा को चुनाव अधिकारी का दायित्व सौपा गया है.संस्था ने अधिकृत तौर पर यह जानकारी दी है कि यदि आवश्यकता हुई तो मतदान 28 जून को संस्था के परिसर में ही सम्पन्न होगा.बताया गया है कि इस बार मतों के गिनती का काम अगले दिन 29 जून को किया जा सकता है.हालांकि इसकी किसी ने अधिकृत पुष्टि नहीं की है,क्योकि इस मामले में अन्तिम निर्णय लेना का अधिकार चुनाव अधिकारी का होता है.इस बीच कई खेमों में बंटे चेम्बर के सदस्यों को अपने पक्ष में करने के लिए सभी बड़े प्रत्याशियों ने शहर के बड़े होटल व रिसार्ट में रात्रिकालिन पार्टियों का आयोजन कर लिया है.इसके बावजूद सदस्यों का रूख यह नहीं स्पष्ट कर पाया कि उनके मन में इस बार किसे मौका देना का निर्णय बन रहा है.वर्तमान अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने सबसे पहले अपने पैनल की घोषणा कर दूसरे दावेदारों के लिए चुनौती खडी कर दी है.इसके अलावा मनोहर डिगवानी ने भी अपना पैनल तैयार कर चुनाव में सभी वर्गों को पर्याप्त महत्व दिया है.शेष पूर्व महामंत्री संदीप जैन और अशोक अग्रवाल बिना पैनल के चुनाव मैदान पर उतरने का मन बना चुके है.इसके अलावा राजेश खत्री ने भी अन्दर ही अन्दर अध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी जताई है.

जातीय समीकरण पर उलझी चुनावी गणित

जानकारों के अनुसार जातिगत समीकरणों में पूरी तरह उलझ चुके चेम्बर चुनाव में किसे सफलता मिलेगी इसको लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है . कई प्रत्याशी जिले के वरिष्ठ नेताओं के सम्पर्क में है .देखना यह है कि कौन किसकी कितनी मदद करता है .

संबल योजना के हितग्राहियों का भुगतान लंबित

श्रम विभाग से ननि को नहीं मिली 16 लाख की राशि

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. महापौर योगेश ताम्रकार की अध्यक्षता में बुधवार को नगर सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी गई। लेकिन इसी बैठक में संबल योजना के हितग्राहियों का भुगतान लंबित होने की जानकारी भी सामने आई। श्रम विभाग से राशि नहीं प्राप्त होने के कारण फिलहाल ननि द्वारा इस मामले से अपने हाथ खींच लिए गए हैं।

संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों की मृत्यु के बाद अनुग्रह सहायता दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन वर्तमान में छह प्रकरणों में कुल 16 लाख रुपये की राशि श्रम विभाग से प्राप्त नहीं होने के कारण भुगतान लंबित है। जानकारी के अनुसार इसमें कुल लंबित प्रकरण 06, लंबित राशि 16 लाख रुपये होने के कारण मामला सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण एल-4 स्तर पर लंबित है। मेयर-इन-काउंसिल ने निगम निधि से भुगतान की स्वीकृति नहीं दी। निर्देश दिए गए कि श्रम विभाग से राशि प्राप्त होने के बाद हितग्राहियों को भुगतान किया जाए।

जांच समिति गठित

बैठक में धवारी स्टेडियम के अतिरिक्त कार्यों की जांच के लिए समिति गठित करने को मंजूरी दे दी गई। स्मार्ट सिटी निक्षेप कार्य अंतर्गत धवारी स्टेडियम के पुनर्निर्माण में दर्शक दीर्घा में लाल पत्थर लगाने, पांच पिच निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, गेट सौंदर्यीकरण तथा पार्किंग व्यवस्था जैसे अतिरिक्त कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। गठित समिति में पार्षद पी.के . जैन, अभिषेक तिवारी, आदित्य यादव को शामिल किया गया। समिति संशोधित कार्य विवरण का परीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

व्यवस्थागत समस्या से देरी या फिर गड़बड़झाला...

जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी के लिए लंबी वेटिंग का मामला

नवभारत न्यूज

सतना 24 जून. जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी कराने के लिए लंबी वेटिंग का मामला एक बार फिर से गर्माता नजर आया जब एक मरीज को 2 महीने बाद की तारीख दे दी गई.

यह समस्या पिछले कुछ वर्षों से अनवरत जारी रहने के चलते अब लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि मामला केवल व्यवस्थागत समस्या से जुड़ा हुआ है अथव इसमें किसी तरह का गड़बड़झाला भी किया जा रहा है.

जिला चिकित्सालय में पिछले लगभग 3 वर्ष से सोनोग्राफी कराने के लिए लंबी वेटिंग की समस्या लगातार चली आ रही है. मामले के तूल पकड़ने पर कई तरह के आश्वासन भी सामने आ चुके हैं. लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है. ताजा मामला उस वक्त सामने आया जब जांच कराने पहुंचे एक मरीज को 2 महीने बाद की तारीख दे दी गई. लिहाजा सवाल उठना लाजमी है कि यदि कोई मरीज किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसे तत्काल उपचार की आवश्यकता है. तो फिर वह जिला चिकित्सालय के भरोसे नही रह सकता. क्योंकि

मौजूदा व्यवस्था के अंतर्गत 2 महीने बाद उसकी सोनोग्राफी की जांच हो पाएगी. लिहाजा या तो वह निजी जांच केंद्रों में जाकर मुंह मांगा धन खर्च करे, अथवा अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर होने का इंतजार करता रहे. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में लगभग 30-40 मरीज प्रतिदिन सोनोग्राफी कराने के लिए पहुंचते हैं. लेकिन उनमें से आधे लोगों की जांच ही हो पाती है. जबकि शेष लोगों को आगे की तारीख दे दी जाती है. गौरततलब है कि यह मामला उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के समक्ष भी 3 महीने पहले तब उठाया जा चुका है जब वे जिला चिकित्सालय में बैठक लेने के लिए आए थे. उस दौरान उन्होंने आश्वस्त किया था कि अतिरिक्त रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने के साथ ही अन्य चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर इस समस्या को जल्द सुलझा लिया जाएगा. लेकिन सोनोग्राफी के लिए भटक रहे मरीज यह बताने के लिए काफी हैं कि व्यवस्था में कितना सुधार हुआ.

उठ रहे गंभीर सवाल

जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी की जांच के लिए रेडियोलॉजिस्ट डॉ . हर्षिता सिंह नियमित सेवाएं देती हैं . इसके साथ हीं मेडिकल कॉलेज के कुछ रेजीडेंट्स डॉक्टर्स भी सोनोग्राफी की जांच में सहायता करने के लिए पहुंचते हैं . लेकिन इसके बावजूद भी लगातार बढ़ी रही वेटिंग को लेकर मरीजों द्वारा गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं . मरीजों का कहना है कि सोनोग्राफी जांच केंद्र में एक कर्मचारी ही सारे रजिस्टर बनाती और उनकी देखरेख करती है . इसी कड़ी में यह गंभीर आरोप भी लगाए गए कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत आया के तौर पर पदस्थ इस कर्मचारी द्वारा मनमाने तरीके से मरीजों को जांच की तारीख दे दी जाती है . इस लंबी वेटिंग को जायज ठहराने के लिए कई फर्जी मरीजों की इंट्री भी दिखा दी जाती है . अब इसके पीछे कौन सा कारण प्रभावी है यह जानकारी तो अस्पताल प्रशासन की जांच के जरिए ही सामने आ सकता है .

मंडी में शुरू हुई बोली, खत्म हुई व्यापारियों की हड़ताल

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. स्थानीय कृषि उपज मंडी में व्यापारियों की सांकेतिक हड़ताल समाप्त होने के बाद बुधवार से अनाज की बोली दोबारा शुरू हो गई है। मंडी खुलते ही सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचे, जिसके बाद दिनभर सुचारू रूप से खरीद-फरोख्त का काम चला।

कृषि उपज मंडी में बुधवार सुबह से ही चहल-पहल लौट आई। मंगलवार को मंडी में बोली पूरी तरह बंद थी, जिसकी वजह से कई किसान परेशान थे। कुछ किसान मंगलवार को ही अपना अनाज बेचने मंडी प्रांगण पहुंच चुके थे और रातभर इंतजार कर रहे थे। बुधवार सुबह जैसे ही मंडी खुली, व्यापारियों ने अनाज की बोली लगाना शुरू कर दिया। दिनभर चली इस प्रक्रिया से किसानों ने राहत की सांस ली और उनकी उपज सही दामों पर बिकी।

किसानों का नुकसान हमारा उद्देश्य नहीं : अजय

इस पूरे मामले पर गल्ला तिलहन व्यापारी संघ, सतना के मंत्री अजय कुमार बंसल ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि गल्ला तिलहन व्यापारी संघ की ओर से यह केवल एक सांकेतिक हड़ताल थी, ताकि राज्य शासन उनकी मांगों पर ध्यान दे और उचित निर्णय ले। हमारा उद्देश्य कभी भी किसानों को नुकसान पहुंचाना या उन्हें परेशान करना नहीं होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, बुधवार से मंडी में अनाज की बोली दोबारा सामान्य रूप से शुरू कर दी गई, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सतना, 24 जून. मैहर जिले में शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने पर विवाह से इनकार करने वाले आरोपी को अमरपाटन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद उपजेल मैहर भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 23 जून को पीड़िता ने थाना अमरपाटन में शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम ओबरा निवासी 24 वर्षीय भानू प्रकाश प्रजापति ने मई 2025 से मई 2026 के बीच विवाह का वादा कर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब वह गर्भवती हो गई और उसने विवाह की बात की तो आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया .

परीक्षा देने गए शिक्षक की अस्पताल में मौत

- जेब से मिला सुसाइड नोट, मारपीट और प्रताड़ना के आरोप

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। नोट में युवक ने खुद को निर्दोष बताते हुए चार लोगों के नाम लिखे हैं, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेरिया निवासी 25 वर्षीय विपिन मिश्रा मैहर जिले के अमरपाटन स्थित शासकीय महाविद्यालय में परीक्षा देने गए थे। परीक्षा के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं। कॉलेज परिसर में मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया तथा परिजनों को सूचना दी। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर किया, जहाँ पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसके बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजन को सुपुर्द कर दिया। विपिन मिश्रा गांव के एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे और घर पर बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते थे। युवक की मौत के बाद उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें कुछ लोगों के नाम लिखे मिले।

प्रताड़ना के आरोप

परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले गांव के कुछ लोग विपिन को देर रात घर से अपने साथ ले गए थे, जहां उसके साथ मारपीट की गई थी। परिवार का कहना है कि एक महिला से जुड़े विवाद को लेकर युवक को लगातार प्रताडति किया जा रहा था और उसे जान से मारने की धमकियां भी मिल रही थीं। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट, मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लापता नाबालिग 5 दिन बाद कटनी में मिली

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. घर से रहस्यमय ढंग से लापता हुई एक नाबालिग बालिका को सिटी कोतवाली पुलिस ने पांच दिन बाद कटनी जिले से बरामद कर लिया। मामले में नया मोड़ तब आया जब बालिका के बयान में साथ मिले किशोर पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने के आरोप सामने आए।

इसके बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराएं जोड़ते हुए विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में ले लिया। जानकारी के अनुसार 17 जून को परिजनों ने बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश शुरू की। जांच के दौरान 22 जून को कटनी के एक क्षेत्र से बालिका को बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बयान में बताया कि किशोर उसे अपने साथ लेकर गया था और वहां किराये के कमरे में रखा। बयान के आधार पर मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। आरोपी किशोर को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

एससी बस्तियों के विकास पर जोर, आय का 18 प्रतिशत खर्च करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को नगर पालिक निगम सतना कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के नगरीय निकायों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की।

डॉ. जाटव ने निर्देश दिए कि नगरीय निकाय अपनी स्वयं की आय का 18 प्रतिशत भाग अनुसूचित जाति बहुल बस्तियों के विकास कार्यों पर व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होने पर डीमैट फंड से राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को सुरक्षा एवं स्वच्छता किट उपलब्ध कराने तथा उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

नशा मुक्ति केंद्र पर विचार

बैठक के दौरान डॉ . जाटव ने नगर निगम को नशा मुक्ति केंद्र प्रारंभ करने पर विचार करने की सलाह दी। साथ ही महिला कर्मचारियों की पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए उनकी ड्यूटी यथासंभव दोपहर बाद लगाने के निर्देश दिए, जिससे वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजने एवं वापस लाने की जिम्मेदारी सुचारू रूप से निभा सकें।

एक नजर में

उमाशंकर के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प में भोजन कराया

सतना। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के संरक्षक एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन द्वारा जिला अस्पताल परिसर में सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन एवं मिष्ठान वितरित कर जन्मदिवस को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया गया। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल चांदी अशोक अग्रवाल जय प्रताप गुप्ता अशोक गुप्ता, वैश्य महासम्मेलन प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू , सुरेश बड़ेरिया मनोज कटारे राजीव गुप्ता बबलू राजकुमार अग्रवाल टिंकू, जितेन्द्र साहू जय अग्रवाल मनोज अग्रवाल श्रीनाथ गुप्ता जगदीश कश्यप गणेश गुप्ता जेपी गुप्ता मोहित अग्रवाल दुर्गेश कश्यप बलराम गुप्ता रामजी गुप्ता रवि गुप्ता अमित गुप्ता गौरव गुप्ता रामावतार अग्रवाल मधुकर पारेख अन्नू अग्रवाल सहित उपस्थित रहे।

कवि तेज भान सिंह तेज को पीएचडी की उपाधि

सतना . कवि तेज भान सिंह जो बिट्स महाविद्यालय में हिंदी के सहायक

प्राध्यापक हैं। उन्हें उनके शोध शीर्षक %प्रहलाद अग्रवाल के सिनेमा संबंधी लेखन का विवेचनात्मक अध्ययन% विषय पर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ दिनेश कुशवाह एवं शोध निदेशक डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह चौहान के निर्देशन में पूर्ण किया।

पेयजल संकट को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करेगा

सतना । गरीब सेना का प्रतिनिधि मंडल 26 जून को सुबह 11बजे शहर कई के वार्डों में व्याप्त पेयजल संकट के समाधान एवं नगर पालिक निगम सतना के वेपरवाह, बेखौफ कमिश्नर शेर सिंह मीणा की दादागिरी एवं तानाशाही रवैया के विरोध में कलेक्टर से मिलकर शिकायत दर्ज कराएगा । पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापक स्तर पर जनांदोलन किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

सतना . बोनांजा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पी .टी .आई . नमन उपाध्याय एवं नीरजा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

बस्ती और छात्रावास का औचक निरीक्षण आज

सतना 24 जून. मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव प्रवास के तीसरे दिन 25 जून को प्रात: 10 बजे अनुसूचित जाति बस्तियों का औचक निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे स्थानीय आडिटोरियम जिला पंचायत के सभागार में अनुसूचित जाति वर्ग से सामाजिक संवाद तथा सामाजिक एवं धार्मिक बुद्धिजीवियों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।

चार साल में छह गुना बढ़ा ऑनलाइन कारोबार : कैट

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. शहरवासी शो रूम में जाने के बजाय घर बैठे मोबाइल, टी वी, फ्रिज मंगा रहे हैं सबसे अधिक इलेक्ट्रॉनिक आइटम का आर्डर किया जा रहा है।

उसके बाद फैशन और किचन का सामान मंगाया जा रहा है। बीते चार सालों में आनलाइन कारोबार छ: गुना तक बढ़ गया है। 2022 में आनलाइन कारोबार 3000 करोड़ का था 2026 में 18 हजार करोड़ पहुंचने का अनुमान है। यह दावा व्यापारियों की शीर्ष संस्था ?कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स कैट की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 30 से 35 त्न इलेक्ट्रॉनिक और होम उत्पाद आनलाइन खरीदे जा रहे हैं इस श्रेणी में सबसे ज्यादा कारोबार हो रहा है। 20 से 25 त्न फैशन और लाइफ स्टाइल सामानों की बिक्री है 15 से 20त्न किचन उत्पाद बिक रहें हैं। इस श्रेणी में आगे और तेजी का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार 6 से 7त्न सौन्दर्य और पर्सनल केयर का आनलाइन कारोबार है इसी तरह 5 से 7त्न फर्नीचर की खरीद की जा रही है । ट्रैवल और टिकटिंग सर्विस भी 10 से 15त्न हो गई है । कन्फ़ेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स कैट म प्र के सचिव अशोक दौलतानी ने बताया कि कैट ने सरकार को आन लाइन व्यापार पर पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की है। टीम कैट सतना के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आनलाइन कारोबार बढ़ने से बाजारों में लगातार कमी हो रही है। ग्राहकों का बाजार में ना आने से नगदी का संकट हो रहा है , कारोबारियों का तर्क है कि जब ग्राहक घर पर ही अपनी जरूरत का सामान मंगा लेंगे तो वह बाजार नहीं जायेंगे।

सतना आईटीआई में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित, 105 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन

नवभारत न्यूज

सतना, 24 जून. शासकीय आईटीआई कॉलेज में बुधवार को आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में 12 कंपनियों ने हिस्सा लिया। मेले में 146 युवाओं ने रोजगार के लिए भागीदारी की, जिनमें से 105 अभ्यर्थियों का विभिन्न नियोजकों द्वारा प्राथमिक चयन किया गया।

सतना स्थित शासकीय आई.टी.आई. कॉलेज में बुधवार को मासिक युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में स्थानीय एवं बाहरी कंपनियों सहित कुल 12 नियोजकों ने भाग लिया।

रोजगार मेले में 146 आवेदकों ने पंजीयन कर साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के बाद विभिन्न कंपनियों द्वारा 105 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार, युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसका उद्देश्य जिले के युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों के रोजगार अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ना है।

सतना में संयुक्त बस चेकिंग अभियान जारी

- 37 बसों की जांच, 12 पर हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सतना 24 जून. परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सतना जिले में परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

यह अभियान माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना रहा है। अभियान के दौरान कुल 37 बसों की सघन जांच की गई। जांच में 12 बसों में आंशिक कमियां पाई गईं, जिन पर कार्यवाही करते हुए 12 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया। अधिकारियों ने बस चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और उन्हें सुरक्षा मानकों का पालन करने की समझाइश दी। इस दौरान बसों में लगे अग्निशमन यंत्र के उपयोग को लेकर मौके पर ही डेमो दिया गया, ताकि आपात स्थिति में चालक एवं स्टाफसही तरीके से उसका उपयोग कर सकें।